## सार-समाचार

### उपकारागृह नैनवा का निरीक्षण किया



**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा उपकारागृह नैनवा का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, टेलीफोन कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही विचाराधीन बन्दी गण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर उपकारापाल, उपकारागृह नैनवां मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**नैनवा** (निसं)। प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत के सदस्यों ने जिला उपाध्यक्ष नासिर मोहम्मद गौरी, जिला अध्यक्ष अख्तर हुसैन के नेतृत्व में समरावता ग्राम की घटना के संबंध में एवं नरेश मीणा की रिहाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम पांच सूत्री ज्ञापन उपखंड अधिकारी कार्यालय पर दिया। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि समरावता ग्राम में निर्दोष लोगों के साथ मारपीट करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जावे। निर्दोष लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जावे।घटना के दौरान होने वाले नुकसान जनहानि की भरपाई की जावे। तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जावे। तथा दबाव डालकर मतदान करवाने वाले अधिकारियों को निलंबित किया जावे। तथा निर्दोष ग्रामीणों पर आक्रमण करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस के जवानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जावे। तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जावे। अगर उक्त संदर्भ में उचित कार्रवाई नहीं होती है। तो बड़ा प्रदर्शन होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार,प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत के कई सदस्य मौजूद रहे।

### पीएमश्री स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**छबड़ा** (निसं)। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक बारां के आदेशानुसार पीएमश्री विद्यालय में तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाएं संचालित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीएमश्री के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश गुप्ता के अनुसार स्थानीय पीएमश्री विद्यालय में 03 वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाओं हेतु सत्र 2024-25 के लिए नवीन प्रवेश का कार्य 21 नवम्बर से प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसके लिए आवेदन की तिथि 21 से 27 नवम्बर रखी गई है। आवेदन के साथ छात्र का जन्म प्रमाण पत्र, छात्र का आधार कार्ड, माता-पिता, संरक्षक का आधार कार्ड छात्र का पासपोर्ट साइज फोटो, जन आधार कार्ड आदि संलग्न करे। पात्रता की शर्तो में जन्म प्रमाण पत्र में 03 से 06 वर्ष की आयु होनी चाहिए। सत्र 2024-25 में 25 विद्यार्थियों को प्रवेश देना है। निर्धारित तिथि तक अधिक आवेदन प्राप्त होते है तो नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के लिए 29 नवम्बर को लॉटरी निकाली जाएगी। चयनित विद्यार्थियों की सूची नोटिस बोर्ड पर 30 नवम्बर को चस्पा की जाएगी। चयनित के बाद 2 दिसंबर से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेशित बालकों की नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएगी।

### संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित

**नैनवां** (निसं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शहरी संकुल नैनवा के अधीन आने वाले सभी निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की मीटिंग का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल के द्वारा की गई। आरपी लक्ष्मण लाल माली द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत आगामी 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परख परीक्षा की पूर्व तैयारी पर जानकारी दी गई। मीटिंग के दौरान विभिन्न अन्य बिंदुओं युवा महोत्सव के आयोजन, विद्यार्थियों की अपार आईडी जनरेट करना, यू डाइस पोर्टल पर विभिन्न माड्यूल व पीएसपी पोर्टल पर आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया। निजी विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल रंगीला के द्वारा निजी संस्थानों में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य विभा गौतम ने अपने परिक्षेत्र के समस्त निजी स्कूलों को समयबद्ध योजना अनुसार सभी ऑनलाइन कार्यों को अपडेट करने हेतु कहा तथा अंत में आभार व्यक्त किया।

### मिनी जंबूरी में सर्वेश तिवारी सम्मानित

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा बारां में डायमंड जुबली मिनी जंबूरी के विशाल आयोजन का उद्घाटन स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अटरू कॉलेज प्रांगण में आयोजित तीन हजार से अधिक स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर्स प्रतिभागियों के समारोह में मिनी जंबूरी के सफल संचालन में रजिस्ट्रार के रूप में उल्लेखनीय योगदान हेतु राज्य मुख्यालय जयपुर से आए निरंजन आर्य ने पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर एवं स्थानीय संघ संयुक्त सचिव डॉ सर्वेश तिवारी को तालियों के8 गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित किया। स्काउट परंपरा अनुसार करतल ध्वनि, गार्ड ऑफ़ ऑनर के साथ कार्यक्रम में तिवारी का असिस्टेंट स्टेट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर दिलीप कुमार माथुर, रैली प्रधान संचालक जिला ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर प्रदीप चित्तौड़ा, रैली सचिव राजेंद्र शर्मा, संचालक अमजद यूसफ़ी के साथ मंचासीन अतिथियों ने स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया तथा मुख्य अतिथि आर्य ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार

**भवानीमंडी** (निसं)। अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत भवानीमंडी पुलिस ने एक युवक के पास से अवैध पिस्टल जिन्दा कारतूस बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। भवानीमंडी थानाधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देश पर अवैध कार्यों व तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहतदौराने गश्त व नाकाबंदी कस्बा भवानीमंडी में संगमविहार कोलोनी बाईपास रोड भवानीमंडी से एक अभियुक्त सुखपाल सिंह पुत्र सोदान सिंह जाति सोध्या राजपूत (45) निवासी झरी का खेड़ा बाजपुरा पुलिस थाना मिश्रोली के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल मय 04 कारतूस के साथ गिरफतार किया जाकर प्रकरण दर्ज किया गया।

### वाईबी सिंह ने कोटा जिला खेल अधिकारी का पदभार संभाला

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के आदेशों की पालना में वाईबी सिंह ने क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र कोटा में जिला खेल अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वाईबी सिंह बूंदी जिला खेल अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकें है। पदभार ग्रहण के दौरान वाईबी सिंह ने कहा कि कोटा में खेलकूद के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर कार्य करेंगे। साथ ही खेलकूद की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा 25 से

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा 25 नवंबर से आयोजित होगी। महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य कनक शर्मा ने बताया कि 25 नवंबर से 16 दिसंबर तक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा जिसका समय दोपहर 1 से 4 बजे तक होगा। सभी परीक्षा की फोटो युक्त मूल पहचान पत्र परीक्षा देने हेतु साथ लेकर आए। परीक्षा की समय सारणी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है साथी समय सारणी को नेट पर भी देखा जा सकता है।

# तीन दिन में ठीक होने वाली सर्दी-खांसी अब 15 दिनों तक कर रही परेशान

**छबड़ा** (निसं)। मौसम में लगातार आ रही तब्दीली से सर्दी, खांसी का संक्रमण बढ़ गया है। नवंबर माह आधा गुजरने पर भी यहाँ के सीएचसी में मरीजों की भीड़ कम नहीं हो पा रही है।

अस्पताल के ओपीडी में रोजाना लगभग चार से पांच सौ मरीज रोज पहुंच रहे हैं। जिसमें सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या डेढ से दो सौ के करीब होती है। मौसम में आ रहे इस बदलाव से नौनिहाल बच्चे भी अछूते नहीं हैं।

छोटे छोटे बच्चों में सर्दी जुकाम, बुखार के साथ उल्टी-दस्त की शिकायतें बढ़ रही हैं। माना जाता है कि इन संक्रमित मरीजों में 70 फीसदी मरीज सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित है। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के इस मौसम में सर्दी, खांसी और बुखार आम बात है, लेकिन कोविड काल के बाद से सर्दी और खांसी के ठीक होने की समय अवधि बढ गई है।

इससे प्रभावित लोगों का कहना है कि पहले जहां सर्दी, जुकाम और खांसी सिर्फ तीन दिनों में ही ठीक हो जाती थी। वहीं अब इसे ठीक होने में पूरा पखवाड़ा लग रहा है।

पिछले एक सप्ताह से सुबह-शाम ठंड में तेजी आई है। मौसम में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिल रहा है। जहां सुबह और शाम सर्द हो रही है तो दिन में तीखी धूप भी है। इनमें लापरवाही के कारण लोग कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सर्दी के मौसम में खांसी, जुकाम और जोड़ों के दर्द की समस्या शुरू हो जाती है।



**छबड़ा में मौसम में लगातार आ रही तब्दीली से सर्दी, खांसी का संक्रमण बढ़ गया है। नवंबर माह आधा गुजरने पर भी यहां के सीएचसी में मरीजों की भीड़ कम नहीं हो पा रही है।**

सर्दी खांसी को ठीक होने में लगने वाले समय को लेकर डॉक्टर जो कारण बता रहे हैं उनमें मौसम में बदलाव, बढ़ रहा प्रदूषण और मनमर्जी से इस्तेमाल किए जाने वाले एंटीबायोटिक हैं। चिकित्सको ने बताया कि पहले नवंबर माह तक ठंड का सीजन शुरू हो जाता था। जिससे लोगों की सेहत भी सुधरने लगती थी, लेकिन इस बार अभी तक मौसम सर्द-गर्म बना हुआ है।

इसके अलावा बढ़ता प्रदूषण भी लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। डॉक्टर्स के मुताबिक लोगों में बिना डॉक्टर के परामर्श के ओवर द काउंटर मिलने वाली एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल ने भी स्वास्थ्य की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित किया है, जबकि लोगों को केमिस्ट की सलाह पर एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

# योग क्रियाओं से स्वस्थ रहने का संदेश दिया

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में चतुर्थ जिला स्तरीय योग ओलंपियाड महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बालचंद पाडा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय भान सिंह चौहान ने बताया जिले के समस्त राजकीय, गैर राजकीय, स्वामी विवेकानंद मॉडल व कस्तूरबा गांधी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिलेभर से 12 दलों ने अलग-अलग आयु वर्गों में आसन, प्राणायाम, क्रिया, बंध में भाग लेकर अपनी यौगिक कौशल का प्रदर्शन किया

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग, कोटा संभाग की संयुक्त निदेशक तेज कंवर रही। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेंद्र व्यास ने की। विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, समग्र शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी राजेश चतुर्वेदी रहे।

अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रामेष्ट योग द्वारा कलात्मक योग प्रस्तुति के द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य का संदेश दिया।




**चतुर्थ जिला स्तरीय योग ओलंपियाड महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बालचंद पाडा में आयोजित हुआ।**

मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग, कोटा की संयुक्त निदेशक तेज कंवर ने खिलाड़ियों को योग के दैनिक जीवन में होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए कहा कि योग से बालकों का शारीरिक एवं मानसिक विकास तीव्र गति से होता है, साथ ही व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी अभिवृद्धि होती हैं। अध्यक्षता कर रहे डीईओ व्यास ने योग की महत्ता बताते हुए कहा कि योग से मन स्थिर रहता है एवं नियमित अभ्यास से विद्यार्थियों की एकाग्रता बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी सिंह ने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। ० कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवनीत जैन ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन वरिष्ठ अध्यापिका रश्मि लखोटिया ने किया। क्रीडा भारती के जिला योग प्रमुख दीपक गुर्जर, एनएसओ जिला संयोजक शिखर पंचोली, योग प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी ने सक्रिय भूमिका द्वारा आयोजन में योगदान दिया।

### टेलेन्ट शो कार्यक्रम आयोजित

**बून्दी**, (निसं)। बून्दी महोत्सव 2024 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बून्दी टेलेन्ट शो कार्यक्रम उद्योग मेला कुंभा स्टेडियम में संपन्न हुआ।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मेला प्रबंधक संजय भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज सिंह, सहायक निदेशक धनराज मीणा, महिला अधिकारिता से भैरू प्रकाश नागर, समाजसेवी महेश पटौदी रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती पूजन, द्वीप प्रज्ज्वलन, मातृ वंदना द्वारा हुई तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन हुआ

**नैनवां**, (निसं)। शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवा के सभागार में डॉ महावीर कुमार शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं नायब तहसीलदार बालकृष्ण भट्ट की अध्यक्षता में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीईओ ने अपार आईडी (ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) व परख परीक्षा-2024 के बारे में संभागियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 दिसंबर को विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को जॉचने के लिए कक्षा 3 ,6 एवं 9 के विद्यार्थियों का शैक्षिणक सर्वे परख-2024 के नाम से आयोजित की जा रही है ।साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को एक परमानेंट आईडी जेनरेट करने के लिए अपार आईडी बनवाई जा रही है जिसमें विद्यार्थी की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कॉलेज स्तर तक की शिक्षा की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

ब्लॉक निष्पादन के वार्ताकार पुष्पा मीणा द्वारा नशा मुक्ति के बारे में अपना व्याख्यान दिया। वार्ताकार प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार मरमिट द्वारा विद्यार्थियों की यूनिक अपार आईडी कैसे बनाई जाती है जिसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तृतीय वार्ताकार प्रधानाचार्य श्री जयदयाल गोयाल द्वारा दिसंबर 2024 में आयोजित होने वाली परख परीक्षा के बारे में विस्तृत से विचार विमर्श किया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ने समस्त पीईईओ/यूसीईईओ को अपने विद्यालय एवं परिक्षेत्र में घटित होने वाली किसी भी घटना पर तुरंत संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करने के लिए कहा। साथ ही पालनहार योजना के पात्र विद्यार्थियों की सूचनाओं को अपडेट करवाने, जांच प्रकरण को समय पर पूर्ण करने, वर्कबुक को वितरित कर उनका समय पर जांच करने, शाला संबलन में जेनरेट टिकट्स को हल करवाने संबंधी जानकारी दी।

आरपी शांतिलाल नागर, कार्यालय कार्मिक प्रियंका जांगिड ने सम्बोधित करते हुए निष्पादन समिति में विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं यूसीईईओ श्रीमती विभा गौतम द्वारा निष्पादन समिति के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सन्दर्भ व्यक्ति लक्ष्मण लाल माली ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी

**झालावाड़** (निसं)। राज्य सरकार के त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए नवम्बर माह के तृतीय गुरूवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों से जिला कलक्टर ने कहा कि कोई भी परिवादी अपनी समस्या लेकर आता है तो संबंधित विभागों के अधिकारी उनकी समस्या को तत्परता से सुनकर प्रकरण की वास्तविकता की जांच कर उसके निस्तारण के लिए व्यापक प्रयास करें।

साथ ही उस प्रकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही से समय-समय पर परिवादी को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य केवल समस्या का निस्तारण ही करना नहीं बल्कि परिवादी को संतुष्ट करना भी आवश्यक है।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने प्रत्येक परिवादी के प्रकरणों को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही परिवादी को भी संतोषपूर्वक प्रतिउत्तर दिया।




**जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।**

जनसुनवाई में खेत पर जाने का रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण एवं कब्जा हटवाने, वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने, आवासीय पट्टा नहीं मिलने, डिमाण्ड राशि जमा करवाने पर भी कृषि कनेक्शन नहीं मिलने सहित पेयजल, विद्युत, सडक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा योजना आदि से संबंधित 57 प्रकरण प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, उप वन संरक्षक सागर पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा, तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**रावतभाटा**, (निसं)। पूर्व में हुए विकास कार्य की शिलापट्टिका हटाने और तोड़ने के विरोध में गुरूवार को नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा उपखंड अधिकारी महेष गगोरिया को ज्ञापन सौंपा गया। नगर कांग्रेस रावतभाटा के द्वारा पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूडी के द्वारा रावतभाटा नगर में हुए विकास कार्यों की शिला पट्टीकाओं को अज्ञात लोगो द्वारा तोड़ने के विरोध में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह बिधूडी द्वारा शहर में अनेकों विकास कार्य कराए गए विकास कार्यों की कुछ शिलापट्टिकाओं को वर्तमान समय में मंडेसरा बस स्टैंड पर लगी एक शिलापट्टिका को अपने स्थान से पूर्ण रूप से हटा दी गई और गणेश नगर और कोटा रोड पर कुछ पट्टिकाओं को तोड़ दिया गया हैं, वही नागणी गांव के सामने की शिलापट्टीका ही गायब हैं। पूर्व सरकार के द्वारा अंबेडकर सर्किल पर विकास और सौंदर्यकरण करवाया गया था, इस पर लगी पूर्व विधायक की एक शिलापट्टिका का गायब हैं। वर्तमान समय में इस तरह की घटनाओं से जनमानस की भावनाएं आहत हुई है, प्रशासन इस संदर्भ में कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द संज्ञान ले ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, नगर अध्यक्ष सुरेश रोहलन, अल्प अध्यक्ष रशीद सागर, पार्षद वंदना शर्मा, नगर अध्यक्ष ज्योति पारेता, ब्लॉक महामंत्री शंकर बुनकर, सत्येंद्र पालीवाल, शंकर पुरोहित, मन्नू खान, पार्षद कय्यूम अब्बासी, तेजराज चुंडावत, पारस गुर्जर, निजाम अंसारी, शमा खान, राजू बंजारा, शुभम सेन, नूर मोहमद, लक्की सोनी, अनस, मनप्रीत सिंह, श्याम मेहरा, हरपाल पालीवाल आदि रहे।

### शैक्षणिक भ्रमण कर जानकारी जुटाई

**छबड़ा** (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान वर्ग की 28 छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय कोटा बोटेनिकल एसोसिएशन वनस्पति शास्त्र विभाग की प्रयोगशाला, उद्यान, अभेडा जैविक उद्यान व बायोलोजिकल पार्क एवं त्रिकुटा का भ्रमण किया। यहां वनस्पति शास्त्र के प्रो. जितेंद्र शर्मा, सहायक आचार्य डॉ. नरेश नायक एवं जंतु शास्त्र के प्रो. सुव्रत शर्मा, सहायक आचार्य, डॉ. गजानंद चर्पे के द्वारा प्रयोगशाला से संबंधित विभिन्न आवश्यक सामग्री, उपकरणों, नवीन सूक्ष्मदर्शी, विभिन्न प्रजातियों के पादपों एवं जंतुओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया। जिसमें हेमलता शर्मा, नीरजा श्रीवास्तव, नीलकमल, संगीता गुप्ता मौजूद रहे। प्राचार्य प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को प्रेरित किया गया। अभेड़ा जैविक उद्यान कोटा का छात्राओं द्वारा भ्रमण कर बाघ, चीता, एशिया शेर, भालू, आदि देखे। भ्रमण में बालिका स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार यादव, प्रभारी अधिकारी पप्पू लाल, सुनील दत्त भार्गव, मुनव्वर सुल्ताना, सीमा खडेलवाल, अभिषेक योगी, रवि पारोदिया एवं दिलीप कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

### तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**छबड़ा** (निसं)। पाली पुलिस ने नानुखड़ी रोड पर अवैध खनन करते हुए बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए। पाली थाने के एएसआई धर्मेंद्र गालव ने बताया कि पुलिस ने नानुखेडी रोड पर अवैध खनन करते हुए बराना निवासी रामभरोस धोबी, टॉवर कॉलोनी निवासी ईशाक खान व भीलवाड़ा नीचा निवासी हेमराज के कब्जे से बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

### निगरानी समिति की बैठक 23 को

**झालावाड़** (निसं)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 23 नवम्बर को सांसद दुष्यन्त सिंह की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे जिला परिषद् के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड ने दी।

### उपहार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**बूंदी** (निसं)। शयोपुरिया की बावडी प्राथमिक विद्यालय में इनर व्हील क्लब की द्वारा 45 बच्चों को शुज भेट किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित ने बच्चों को पढ़ने के लिये समझाया। कार्यक्रम में पुष्पा चौधरी, सरोज न्याति संध्या गौतम, विशाल सिंह, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### विकास समिति की बैठक 25 को

**झालावाड़** (निसं)। जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पर्यटन अधिकारी सिराज कुरैशी ने दी।

### बीस सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक 25 को

**झालावाड़** (निसं)। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मुख्य आयोजना अधिकारी विनोद कुमार मीणा ने दी।

# उद्योग एवं हस्त शिल्प मेला 2024 में विधिक जानकारी दी




**विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की आमजन को जानकारी दी गई।**

**बून्दी** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले 2024 में 20 से 22 नवम्बर तक हेल्प डेस्क लगाकर नालसा पोर्टल हेल्पलाइन 15100, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर एवं अन्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन पोर्टल 15100 के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जिसे किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो पोर्टल 15100 पर संपर्क कर सकते हैं, इस पोर्टल के माध्यम से आपको संबंधित जिले के लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा हर संभव कानूनी सहायता प्रदान की जावेगी।

**राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसंबर को:-** विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 22 दिसम्बर (चतुर्थ रविवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से भी किया जायेगा। लोक अदालत के अन्तर्गत राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धारा 138, एन.आई. एक्ट प्रकरण, धन वसूली के प्रकरण, एम.ए.सी.टी प्रकरण, नल व बिजली के प्रकरण, वैवाहिक विवाद, भरण पोषण से सम्बन्धित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित प्रकरण, सभी प्रकार के राजस्व मामले, जनउपयोगी सेवाओं से सम्बन्धित विवाद, उपभोक्ता व विक्रेता के मध्य विवाद व अन्य सिविल मामलों आदि विवादों का निपटारा राजीनामें के माध्यम से करवाया जा सकता है।

उन्होने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामें से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है।

लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है। निर्णय की कोई अपील नहीं होती है। सिविल कोर्ट के आदेश की तरह पालना होती है, कोर्ट फीस की वापसी होती है, विवाद का अन्तिम रूप से निपटारा व समय की बचत होती है।

# ‘परिवादियों को दोबारा जनसुनवाई में क्यों आना पड़ रहा है’

■ जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से सवाल किया

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनसुनवाई में लगभग 145 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें से कई मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में अतिक्रमण और सीमाज्ञान से जुड़े मामले प्रमुख रहे। कलेक्टर ने केडीए और नगर निगम को निर्देश दिये कि मौके पर टीम भेजकर सीमा ज्ञान स्पष्ट करें और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने केडीए के प्लॉट्स पर अवैध खुदाई से संबंधित शिकायत पर पुलिस विभाग को सतर्क रहते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आठ लेन सड़क निर्माण के लिए जिनकी भूमि अधिग्रहित की गई है और जिन्हें मुआवजा नहीं मिला, उनके रिकॉर्ड का मिलान कर शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाऐं। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी केडीए अप्रूव्ड कॉलोनियां हैं, वहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिऐं गऐं। साथ ही, कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनियां काटने के मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने टावर के संवेदनशील संरचना से जुड़े मामले में पीडब्ल्यूडी को मौके पर जाकर जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कनवास रूट पर बस सेवा में सुधार के लिए रोडवेज को जल्द बस संचालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वन भूमि और आवासीय क्षेत्रों में अवैध क्रेशर से संबंधित शिकायतों पर पुलिस विभाग को ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए गऐं।



कोटा में जिलास्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पुराने प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पूछा कि परिवादियों को दोबारा जनसुनवाई में क्यों आना पड़ रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि परिवादियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई में एडीएम सिटी अनिल सिंघल, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव कुशल कोठारी, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, जिला रसद अधिकारी कार्तिकेय मीणा, सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक दिव्यांग के मामले में कलेक्टर ने दानदाता के माध्यम से भोजन सामग्री की व्यवस्था करवाने को कहा। इसके साथ ही, सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये कि दिव्यांग को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करें। मोटर डिसेबिलिटी से जुड़े एक प्रकरण में कलेक्टर ने डीओआईटी को मरीज की केवाईसी शीघ्र पूरी करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

# ‘चम्बल की दुर्दशा सुधारने के लिए संयुक्त प्रयास हो’

■ चम्बल संसद ने नदी किनारे केशवराव पाटन में बैठ कर नदी संरक्षण, शुद्धिकरण का आव्हान किया

**कोटा,** (निसं)। नदियां हमारी जीवन रेखा अभियान के तहत चम्बल संसद ने नदी किनारे केशवराव पाटन में बैठ कर नदी संरक्षण, शुद्धिकरण का आव्हान किया और बड़ी संख्या में लोगों ने महाआरती में हिस्सा लिया।

चम्बल की परिक्रमा कर रहे युवा पर्यावरणविद् रोबिन सिंह ने बताया कि चम्बल भी अन्य नदियों की तरह प्रदूषण, शोषण और अतिक्रमण की की शिकार है।

समाज के सभी वर्गों को ठोस योजना पर काम करना होगा। मुख्य अतिथि विधायक सीएल प्रेमी ने कहा कि नदी के लिए हमें सबको एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। विशेषकर जन प्रतिनिधियों को।

अध्यक्षता करते हुए संसद के संरक्षक बाबा निरंजन नाथ अवधूत ने कहा कि समाज और शासन को नदी की चिंता करना चाहिए। संसद के संयोजक बृजेश विजयवर्गीय ने बताया कि संत, समाज और शासन और महाजन एक दिशा में काम करें। जिस देश की नदियां प्रदूषित रहती है वहां का व्यक्ति कभी स्वस्थ नहीं हो सकता। नगर पालिका - केशवरायपाटन के अध्यक्ष कन्हैयालाल कराड़ ने बताया कि शुद्धिकरण की परियोजना पर वन विभाग ने रोक लगा रखी है। प्रयास कर रहे हैं कि शीघ्र काम शुरू हो।

राष्ट्रीय किसान समन्वय समूह के संयोजक किसान नेता दशरथ कुमार, एडवोकेट अरविंद भूतिया, बूंदी चम्बल संसद संयोजक विट्ठल कुमार सनाढ्य,वरिष्ठ नेता बद्री लाल नागर कौशिक गायत्री परिवार के संचालक यज्ञ दत्त हाड़ा, युधिष्ठिर चानसी,डा अमित सिंह राठौड़, संत स्वामी तेजोमायावन रामधीर सिंह आदि मोनू सिंह, अर्चना राजावत, लटूर लाल डैनी महाआरती में ‘नदियां हमारी जीवन रेखा’ नदी किनारे आयोजित चंबल संसद को आशीर्वाद देने गऊ घाट के बाबा निरंजन नाथ अवधूत भी पहुंचे। चंबल की परिक्रमा कर रहे पदयात्री रोबिन सिंह, संत तेजो माया वन रामधीर सिंह के केशवरायपाटन के विधायक सीएल प्रेमी, नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल कराड़, राष्ट्रीय किसान समन्वय समूह के संयोजक दशरथ कुमार, गायत्री परिवार बोरखेड़ा आश्रम के संचालक यज्ञ दत्त हाडा, एडवोकेट अरविंद भूतिया, रामकृष्ण शिक्षण संस्था के महामंत्री युधिष्ठिर चानसी, हम लोग संस्था के कुंदन चीता, कन्हैयालाल लाल केवट, लोकेश केवट, इटावा उत्तर प्रदेश से राजीव सिंह, जिला प्रधान गुलशन लोधी समेत जन प्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी गण नागरिक चंबल की महा आरती में भी शामिल हुए।

मंच संचालन बृजेश विजयवर्गीय ने किया। उन्होंने बताया कि आगामी 10 दिसंबर को इटावा में चंबल यमुना के संगम स्थल पर इस परिक्रमा का समापन होगा एवं रोबिन सिंह एवं उनके साथी चंबल पर दस्तावेज सरकार को प्रस्तुत करेंगे।


## आम सूचना

GST रजि. नं. 08ABYFS8864P1ZL

पता:-एयरटेल टावर के सामने NH 52 डींगसी सुकेत हमारी फर्म M/S सैलानी क्रेशर एण्ड कोन्ट्रेक्टर के साझेदारों श्री सलीम खान व श्री प्रकाश पाटीदार व श्री कमलेश मेहता के द्वारा एक अन्य साझेदार श्री अमर पाटीदार को जोड़ा गया है। जिस किसी को भी आपत्ति हो तो 7 दिवस में फर्म रजिस्ट्रार कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र कोटा में सूचित करें।

For-Selani Crusher & Contractor

Partner



## पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/17(2024–25) दि. 20.11.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विधुत अभियंता(सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/225/2024– 25, **कार्य का नाम:** कोटा मंडल–दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान (43 स्टेशनों) पर विद्युत सम्बंधित कार्य।, **अनुमानित लागत (रू.में):** 37,54,000.32, **बयाना राशि (रू.में):** 75,100/–, **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 13.12.2024 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in/ पर स्वीकार किये जायेगें निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिंग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ लें।

वरि. मंडल विधुत अभियंता(सामान्य), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# समस्या समाधान शिविर आज

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड संख्या 52, नगर निगम दक्षिण (वीर सावरकर नगर, दिव्या बेकरी के पास) आज प्रात: 10 बजे से समस्या समाधान शिविर का आयोजन होगा।


## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1464 **विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-21.11.24

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम–ए व्यवसायिक का भूखंड/आवास संख्या 81 श्री नितेश मतवानी पुत्र श्री नन्द लाल मतवानी को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 09.01.2023 के द्वारा आवंटन किया गया था। अत: उक्त भूखंड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन गर्ग द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 81 योजना श्रीरामकृष्णपुरम–ए व्यवसायिक की विक्रय स्वीकृति श्री नितेश मतवानी पुत्र श्री नन्द लाल मतवानी जर्ये मुख्तारआम श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन गर्ग के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2841 विज्ञप्ति दिनांक:-21.11.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सोगरिया में स्थित कृषि भूमि योजना गुरु गोविन्द विहार भूखंड संख्या 64 खसरा नं. 320, 321 आवेदक/आवेदिका श्रीमती रानी देवी पत्नी स्व. सुबोध नारायण मिश्रा एवं श्री पंकज कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुबोध नारायण मिश्रा निवासीगण 461 प्रताप नगर कालोनी, गली नं. 12 कोटा जं. राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 103 दिनांक 20.06.2014 को श्री पंकज कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुबोधनारायण मिश्रा एवं सुबोधनारायण मिश्रा पुत्र श्री रामकृष्ण मिश्रा के पक्ष में जारी किया गया था। सहपट्टाधारी सुबोधनारायण मिश्रा की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 16.06.2020 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी रानी देवी, पुत्र प्रत्युक्ष कुमार, अविनाश कुमार, पंकज मिश्रा है। वारिसान प्रत्युक्ष कुमार, अविनाश कुमार, पंकज मिश्रा द्वारा अविभाजित हिस्से जर्ये रजि. रिलीज डीड (हकत्याग) दिनांक 18.08.2023 से अपनी माता रानी देवी के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती रानी देवी पत्नी स्व. सुबोध नारायण मिश्रा एवं श्री पंकज कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुबोध नारायण मिश्रा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण



## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2840 विज्ञप्ति दिनांक:-21.11.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा में स्थित कृषि भूमि योजना बालाजी आवास भूखंड संख्या 58–ए खसरा नं. 42 आवेदक/आवेदिका श्री ईरशाद अली सैय्यद पुत्र श्री मन्जूर अली सैय्यद निवासी 1179, फकीरों का मोहल्ला तहसील खानपुर जिला झालावाड़ राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 87 दिनांक 02.06.2014 को नसरीन खान पत्नी श्री रईस खान के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 16.02.2015 को जर्ये मुख्तारआम जनाब शाकिर हुसैन पुत्र श्री बशीर मोहम्मद द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री ईरशाद अली सैय्यद पुत्र श्री मन्जूर अली सैय्यद के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण


## सार-समाचार

### मेडिकल असेसमन्ट केम्प का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर के तत्वाधान में समग्र शिक्षा कोटा द्वारा दिव्यांग बालक–बालिकाओं के लिए गुरूवार को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल वोकेशनल नयापुरा में जिला स्तरीय मेडिकल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 116 दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श प्राप्त होने के उपरान्त दिव्यांगता प्रमाण–पत्र वितरित किये गये और बालक–बालिकाओं को चिकित्सकीय उपकरण वितरण हेतु चयन किया गया। जिन्हें विभाग द्वारा जल्द ही ट्राई साईकिल, व्हिल चेयर, बैशाखी, हियरिंग एड, टीएलएम किट का वितरण किया जाएगा। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कोटा रूपेश कुमार ने दिव्यांग बालक–बालिकाओं के अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि दिव्यांग बालक–बालिकाओं को उत्सावर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि देश की कई दिव्यांग प्रतिभाओं ने अपने–अपने क्षेत्रों में उपलब्धियाँ हासिल की हैं। दिव्यांग विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को राज्य सरकार द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविरों और योजनाओं का लाभ उठाना चाहिऐं। विशिष्ट अतिथि डॉ.अमित जोशी ने दिव्यांग बालक–बालिकाओं के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी दी और चिकित्सा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। डॉ.भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समरसता समिति के अध्यक्ष प्रशात शर्मा ने उनकी संस्था द्वारा निकट भविष्य में आयोजित किये जाने वाले चिकित्सा शिविरों और गतिविधियों की जानकारी दी।

### घायल मिले सफाई कर्मचारी की मौत

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी इलाके में सड़क पर घायल मिले सफाई कर्मचारी ने एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। कुन्हाड़ी थाने के हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक कुन्हाड़ी निवासी छोटू लाल (45) है। जो नगर निगम में सफाई कर्मचारी था। हेड कांस्टेबल ने बताया कि छोटू लाल 19 नवंबर की रात्रि को खाना खाकर घर से निकला था, जो रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे अचेत और घायल अवस्था में मिला। जिसको घायल अवस्था में उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अनजान की जान बचाने के लिए दौड़ा चला जाता है कमल

**कोटा,** (निसं)। अनजान लोगों की जान बचाने और अपनी जान की परवाह किए बिना महीने में अनेक बार बी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट कर मानवता भलाई के काम में लगा कमल कुमार इंसा फिर डेंगू रोगी की जान बचाने की गरज से एसडीपी डोनेट कर आया। सेवादार राजेन्द्र सिंह हाड़ा के अनुसार भारत विकास परिषद अस्पताल में भर्ती छावनी निवासी हर्षित पुत्र दुर्गादास को डेंगू रोग के चलते जैसे ही डेरा सच्चा सौदा सिरसा हरियाणा की हेल्प लाइन से सूचना मिली, तो तुरन्त ही कमल कुमार इंसा ब्लड बैंक पहुंच गया और अनजान रोगी की जान बचाने में मददगार बन गया। कमल कुमार का कहना है कि डेरा सच्चा सौदा के गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा से ही यह सब कर पा रहा हूं और अनजान लोगों की मदद कर इंसानियत का फर्ज निभाने से उसे बहुत ही खुशी का एहसास होता है।

### अवैध शराब के पव्वे सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नांता इलाके में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के पव्वे बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। नांता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि मोहन लाल सुखड़िया आवासीय योजना के समीप एक व्यक्ति अवैध देशी शराब के पव्वे बेच रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे वहां एक संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो प्लास्टिक के कट्टे के अंदर से 65 देशी शराब के पव्वे बरामद हुये। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये बरड़ा बस्ती निवासी गोलू यादव (22) को गिरफ्तार किया।

### राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसानों के लिए लगेगा मेला

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि एवं अनुषंगिक विभागों की विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं, नवीन अनुसंधानों तथा कृषि विविधता के नूतन आयामों को किसानों एवं हितधारकों के मध्य लोकप्रिय बनाने एवं कृषक समुदाय में उसकी ग्राह्यता बढ़ाने के उद्देश्य से पंचायत समितिवार एवं जिला स्तर पर किसान मेला/प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 25 नवम्बर को पंचायत समिति सांगोद में, 27 नवम्बर को रामगंजमंडी में, 4 दिसम्बर को सुल्तानपुर में एवं 11 दिसम्बर को इटावा में तथा 13 दिसम्बर को जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बोरखेड़ा में किसान मेला/प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### कोटा महोत्सव की तैयारियों की बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार 22 नवम्बर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कोटा महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कक्षा में छात्रों का उत्साह दिखा

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा सत्र 2024–25 से विविध पाठ्यक्रमों में नियमित अध्ययन के साथ–साथ संघ लोकसेवा आयोग व राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का आयोजन 09 नवंबर से किया जा रहा है।

इसमें विश्वविद्यालय के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के विभिन्न संसाधन उपलब्ध करवाये जा रहे है। जो विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं की अलग से तैयारी के लिए संसाधनो व समय की बचत करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस कक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों- बी.ए., बी.एस.सी, बी.कॉम, बी.ए.एल.एल.बी, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.लिब. व स्नातकोत्तर– भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी व अंग्रेजी साहित्य, ड्रॉईंग एण्ड पेन्टिंग, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, प्राणी विज्ञान, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, होटल प्रबन्धन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत वरिष्ठ आर.ए.एस. अधिकारी आर.डी.मीणा जो कि इस विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन भी है उनके विचार एवं विजन को देखते हुए इस प्रतियोगी परीक्षा तैयारी कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया है ताकि इस क्षेत्र की प्रतिभाओं का भी आर.ए.एस. एवं सेवाओ में चयन हो सकें।

जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मोहम्मद आशिद के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सलेक्शन की संभावनाओं को बढ़ाने की दृष्टि से समय–समय पर विभिन्न मोटिवेशनल लेक्चर, गेस्ट लेक्चर, ऑनलाइन लेक्चर, मॉक इन्टरव्यू व ग्रुप डिस्कशन की भी तैयारी करवायी जायेगी। कार्यक्रम के सह–समन्वयक जयराम मीणा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रवि जोरावत के अनुसार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहा है। तथा विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना करता हैं।

# कोटा डेयरी प्लांट के खिलाफ सर्व ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन दिया

■ ठेकाकर्मी की अंगुलियां कटने का मामला

**कोटा,** (निसं)। कोटा डेयरी प्लांट मे पिछले 9 सालों से कार्य कर रहे युवक कि कार्य करने के दौरान मशीन मे हाथ आने से अंगुलियां कट जाने के गंभीर मामले मे डेयरी द्वारा कोई सहायता नहीं करने के विरोध मे सर्व ब्राह्मण समाज ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, साथ ही पीड़ित को स्थायी नौकरी एव मुआवजा दिलाने कि मांग की। सर्व ब्राह्मण महासभा यूथ प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिद्धम शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

रिद्धम शर्मा ने बताया की शिवपुरा निवासी शुभम गौतम पिछले 9 वर्ष से कोटा डेयरी प्लांट मे कार्यरत था। 29 सितम्बर को कार्य करने के दौरान प्लांट की लापरवाही से उसका हाथ मशीन मे आ गया। जिस कारण उसकी अंगुलियां कट गई वो आधे घंटे तड़पता रहा, जिसके बाद उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। रिद्धम शर्मा ने कहा कि पीड़ित के 4 ऑपरेशन हो चुके है। अपनी राशि से अर्थिक रूप से कमजोर परिवार ईलाज करवा रहा है, जिसमें लगभग 4 से 5 लाख का खर्चा आ चुका है। लेकिन डेयरी प्रशासन में कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। तथा ठेकेदार द्वारा पीड़ित परिवार पर एक स्टाम्प पर हस्ताक्षर करने को लेकर दबाव बनाया गया, जिसमें लिखा था की सारी गलती पीड़ित कि हैं, प्लान्ट या ठेकेदार कि नहीं जिसपर पीड़ित ने हस्ताक्षर नहीं किए। पिछले डेढ़ महीने से पीड़ित परिवार न्याय कि मांग को लेकर प्लांट के चक्कर लगा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित को 15 लाख का मुआवजा व स्थाई नौकरी देने व ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मोहित, लोकेंद्र, रोहित, राहुल शर्मा, जय शर्मा, आयुष आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम कोटा दक्षिण में स्वनिधि भी स्वाभिमान भी शिविर का आयोजन आज से

■ इस अभियान में नगर निगम कोटा दक्षिण में अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को लाभान्वित कर अभियान को सफल बनाने का लक्ष्य लिया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े का आयोजन 18.11.2024 से 02.12.2024 तक स्वागत हॉल नगर निगम कोटा, समय प्रात: 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक आयोजित किया जाना है।

इस कार्य के आयोजन में निम्न गतिविधियों का समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाना है। बैंकों में लम्बित स्वीकृत ऋणों का वितरण एवं लम्बित आवेदनों की स्वीकृति जारी करवाना। आंवटित लक्ष्यों के अनुरूप अधिक से अधिक नए आवेदन पत्र बैंको में भिजवाना। स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत जिलों में पीएम स्वनिधि के समस्त लाभार्थियों की सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाइलिंग करवाना।

स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के अन्तर्ग त पीएम स्वनिधि के लाभार्थी एवं उनके परिजनों को जन-कल्याणकारी योजनाओं यथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन–धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, मातृ वन्दन योजना वीओसीडब्ल्यू पंजीकरण से लाभान्वित करवाना। समाचार पत्र, सोशल मीडिया, पोस्टर, होर्डिंग्स, पम्पलेट, आदि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करना।

इस अभियान में नगर निगम कोटा दक्षिण में अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को लाभान्वित कर अभियान को सफल बनाने का लक्ष्य लिया गया है।


## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4223 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.11.24

आवास संख्या 4–ई–1 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती ग्यारसी बाई पत्नी श्री जवहार लाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री सोहन लाल पुत्र श्री शंकर लाल के नाम दिनांक 22.09.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री सोहन लाल पुत्र श्री शंकर लाल द्वारा दिनांक 24.10.2000 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सोहन लाल पुत्र श्री शंकर लाल की मृत्यु दिनांक 18.10.2019 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती राम जानकी देवी की मृत्यु दिनांक 29.03.2018 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती राधा बाई पुत्री स्व. श्री सोहन लाल पत्नी श्री नन्द किशोर, श्रीमती रंजना नामा पुत्री स्व. श्री सोहन लाल पत्नी श्री घनश्याम नामा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 24.12.2020 को श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल के पक्ष में किया गया। इसी प्रकार श्रीमती उषा नामा पत्नी श्री विजय कुमार नामा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 20.09.2024 को श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल के पक्ष में किया गया। श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4–ई–1 महावीर नगर तृतीय कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री विजय कुमार नामा पुत्र स्व. श्री सोहन लाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4220 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.11.24

आवास संख्या 3–प–10 विज्ञान नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री बद्रीलाल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री बद्रीलाल के नाम दिनांक 04.01.1992 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री बद्रीलाल की मृत्यु दिनांक 04.03.2007 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 12.03.2008 को स्वत्व परित्याग-पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती सुशीला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा के नाम किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र श्रीमती सुशीला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा की मृत्यु दिनांक 01.08.2024 को एवं इनके पुत्र श्री ब्रहमानन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 3.06.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री हरीश शर्मा एवं श्री भरत शर्मा पिसरान् स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 23.08.2024 को श्रीमती मन्जु शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा के पक्ष में किया गया। इनकी प्रकार इनके वारिसानों में श्रीमती चन्दा देवी पुत्री स्व. श्री घनश्याम शर्मा पत्नी श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 26.09.2024 को श्रीमती मन्जू शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा के पक्ष में किया गया। श्रीमती मन्जू शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3–प–10 विज्ञान नगर विस्तार योजना कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती मन्जू शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती मन्जू शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती मन्जू शर्मा पत्नी स्व. श्री ब्रहमानन्द शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# अखिल भारतीय अंतर परमाणु ऊर्जा विद्यालय सांस्कृतिक सम्मेलन समारोह आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में गुरूवार को तीन दिवसीय अखिल भारतीय अंतर परमाणु ऊर्जा विद्यालय सांस्कृतिक सम्मेलन का समापन समारोह संपन्न हुआ। परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में चल रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय अंतर परमाणु ऊर्जा विद्यालय सांस्कृतिक सम्मेलन का भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि एनपीसीआ ए आर.आर. साइट की इका 3 एवं 4 के केन्द्र निदेशक डी. सुब्बा राव रहे तथा विशिष्ट अतिथि इका 5 एवं 6 के केन्द्र निदेशक राजेश रोज़ रहे। एन.सी.सी. कैडेटस् ने ए.एन.ओ. डी.आर. गोचर के निर्देशन में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधे प्रदान कर किया गया तथा संगीत शिक्षक जयवर्धन भटनागर के निर्देशन में स्वागत गीत प्रस्तुत गया किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के कर कमलों से विजेता रही टीमों को ट्रॉफियाँ व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजक प्रचार्य दिलीप सिंह ने स्वागत उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। सभी को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अणुनगरी रावतभाटा में हमें परमाणु के शांति पूर्ण उपयोग द्वारा परमाणु ऊर्जा तो प्राप्त हो ही रही है लेकिन पिछले तीन दिनों में रावतभाटा के विद्यालय क्रमांक 4 में हमने एक न ऊर्जा को महसूस किया जिसका अनुभव हमें दूर–दूर से आए व स्थानीय प्रतिभागियों की विलक्षण नृत्य प्रतिभा को देखकर हुआ, जो अपने प्रदेश से हटकर अन्य प्रदेश की अद्‌भुत नृत्य प्रस्तुति दे रहे थे।

जयवर्धन भटनागर ने इस कल्चरल मीट का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डी. सुब्बाराव ने बताया कि नृत्य, संगीत तथा खेलकूद व्यक्ति को स्वस्थ व तरोताजा बनाए रखते हैं जिससे वह हर कार्य को सफलता पूर्वक करने में समर्थ बनता है, यह मेरा स्वयं का अनुभव है, मैं स्वयं खिलाडी रह चुका हूँ और छात्र जीवन में यूनीवर्सिटी स्तर पर खेलकर क नाम भी जीते हैं, लेकिन खेलकूद में मेरी रूचि मेरी शिक्षा में कभी बाधा नहीं बनी बल्कि इससे मस्तिष्क को और अधिक तीक्ष्णता ही प्राप्त हु । विशिष्ट अतिथि राजेश रोज़ ने कहा कि पढ़ा के साथ नृत्य कला सीखना को सरल कार्य नहीं है, आप सभी की लगन बता रही है कि आप इन दोनों कार्यों को सहजता से करने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 100 से अधिक प्रकार के लोक नृत्य प्रचिलित हैं। केरल के कथकली नृत्य के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें निपुणता प्राप्त करने में कम से कम 12 वर्षों की कडी मेहनत की आवश्यता होती है, इसकी प्रस्तुति के लिए मेक करने में 4 से 5 घंटे लगते हैं तब जाकर कलाकार स्टेज पर उतरता है। आयोजन की एपेक्स समिति के अध्यक्ष जॉबी जॉन ने कहा कि मुझे अपनी समिति के सदस्यों की कार्य कुशलता का अंदाजा बाहर से आए प्रतिभागियों व उनके मार्गरक्षक शिक्षकों के प्रतिवेदन सुनकर लग रहा है कि हमने सफल आयोजन के लक्ष्य को पूर्णतया प्राप्त कर लिया है, किसी की और से को प्रतिकूल प्रक्रिया प्राप्त नहीं हु । सभी ने विजेता रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधा दी और बाहर से आए सभी प्रतिभागियों व उनके मार्गरक्षक शिक्षकों को सुखद एवं सुरक्षित वापसी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो रहे तथा इस कल्चरल मीट की बागडोर संभाल रहे वरिष्ठ संगीत शिक्षक जयवर्धन भटनागर को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा माला व साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ा कर तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया और सभी ने उन्हें इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधा दी। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति की सदस्य मनीषा मिश्रा व गायत्री शर्मा तथा विद्यालय सलाहकार समिति की शिक्षा मिश्रा, मोनिका गुप्ता एवं कुसुमलता उपस्थित रही।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/9226-27 लोक सूचना दिनांक:-21.11.2024

श्री प्रदीप मेरोठा पुत्र श्री बाबुलाल जाति धोबी निवासी जीरोद तह. अटरु जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (पेट्रोल पम्प प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | कलमण्डा | 2210/1730 | 0.11 है. में से 512 वर्ग मी. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्‌नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

